भारत सरकार

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 647
दिनांक 25 जुलाई, 2024

काकीनाडा-विजाग-श्रीकाकुलम गैस पाइपलाइन

†647. श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालू :
श्री केसिनेनी शिवनाथ:
श्री श्रीभरत मथुकुमिल्लि:
श्री डग्गुमल्ला प्रसादा राव:

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) काकीनाडा-विजाग-श्रीकाकुलम गैस पाइपलाइन परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है और इसके वर्तमान कार्यकलापों और पूरे हो चुके चरणों का ब्यौरा क्या है;

(ख) केन्द्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा विगत पांच वर्षों के दौरान काकीनाडा-विजाग-श्रीकाकुलम गैस पाइपलाइन परियोजना के लिए वर्ष-वार कुल कितनी धनराशि आवंटित और संवितरित की गई;

(ग) उक्त अवधि के दौरान उक्त गैस पाइपलाइन परियोजना के लिए उपयोग की गई निधियों की वर्ष-वार स्थिति क्या है; और

(घ) उक्त गैस पाइपलाइन परियोजना के कार्यान्वयन के दौरान आ रही चुनौतियों अथवा हुए विलंब का ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) से (घ) पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) ने दिनाँक 16.07.2014 को आन्ध्र प्रदेश गैस वितरण कार्पोरेशन लिमिटेड (एपीजीडीसीएल), गेल गैस और आन्ध्र प्रदेश सरकार का संयुक्त उद्यम, को काकीनाड़ा-श्रीकाकुलम प्राकृतिक गैस पाइपलाइन परियोजना को बिछाने, निर्माण करने, प्रचालित करने तथा विस्तारित करने के लिए प्राधिकृत किया है। 75 किमी पाइपलाइन को विभिन्न पैचेस में वेल्ड और लोअर किया गया है। तथापि, निर्माण चरण के दौरान, माँग परिदृष्य में परिवर्तन, उपभोक्ता का अधिकार (आरओयू) प्रदान करने में विलम्ब, कोविड-19 के कारण लॉकडाउन तथा निधीयन सम्बन्धी बाधाओं के कारण इस परियोजना ने विभिन्न चुनौतियों का सामना किया है। पीएनजीआरबी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना के आधार पर एपीजीडीसीएल ने इसके बाद पीएनजीआरबी से अनुरोध किया है कि परियोजना का अभ्यर्पण कर दे। परिणामस्वरूप, पीएनजीआरबी दिनाँक 01.12.2023 को काकीनाड़ा-श्रीकाकुलम पाइपलाइन के प्राधिकार

को समाप्त कर दिया था। पिछले पाँच वर्षों में आन्ध्र प्रदेश सरकार और गेल गैस द्वारा संयुक्त उद्यम में निवेशित निधियों का विवरण निम्नानुसार है –

वर्ष	आन्ध्र प्रदेश सरकार (करोड़ रुपए में)	गेल गैस (करोड़ रुपए में)	कुल
2018-19 तक	32.50	42.50	75.00
2019-20	5.87	105.00	110.87
2020-21	0.00	0.00	0.00
2021-22	60.00	47.02	107.02
2022-23	68.20	4.05	72.25
2023-24	--	--	0.00
	166.57	198.57	365.14

*****